**लोगों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने व अधिक से अधिक पौधे लगाने किया गया जागरूक**

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**पीपला नारायणवार 05 जून,** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर क्षेत्र में पर्यावरण और जल संरक्षण को लेकर व्यापक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई। सामाजिक नवांकुर संस्था युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन के तत्वाधान में पिपलानारायणवार और ग्राम जाम में पौधारोपण, स्वच्छता अभियान और जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद ग्रामीणों को पर्यावरण को बचाने और पानी की एक-एक बूंद सहेजने की शपथ दिलाई गई।

**श्रमदान कर की हैंडपंप की सफाई**




जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नप.अध्यक्ष श्रीमती अरुणा चौधरी एवं नवांकुर संस्था के गोपाल कोठे की विशेष उपस्थिति में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। यहाँ उपस्थित जनों ने श्रमदान कर हैंडपंप परिसर की साफ-सफाई की।

### *जाम हाईस्कूल परिसर में हुआ वृक्षारोपण*

*इसी कड़ी में ग्राम पंचायत जाम के शासकीय हाईस्कूल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण सुधार का संदेश देते हुए अतिथियों और संस्था के सदस्यों ने परिसर में पौधे रोपे।*

**_कार्यक्रम में मुख्य रूप से यह रहे उपस्थित -_**

*सरपंच मनोज ठाकरे, वृक्षमित्र अरुण गुरूजी ठाकरे, एसोसिएशन अध्यक्ष योगेश सोमकुवरप्राचार्य प्रमोद लोनारे प्रस्फुटन समिति के दिनेश पाटील एवं संदीप बनाईत उपस्थित रहे।*

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तीन प्रमुख चरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और उन्हें अपने आस-पास के जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर परामर्श दाता सुनील डोंगरे ने कहा कि जमीन को जल से समृद्ध बनाने के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अभियान को स्वप्रेरणा और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

## नप .मोहगांव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर किया वृक्षारोपण



**नवभारत न्यूज**
**सौसर 5 जून ,** विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर नगर परिषद मोहगांव द्वारा अमृत हरित महाअभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। पर्यावरण संरक्षण के इस महाअभियान के तहत क्षेत्र में छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। अभियान की शुरुआत मुख्य रूप से स्थानीय कामधेनु गौशाला परिसर तथा वार्ड नंबर 8 स्थित मोक्षधाम पार्क में की गई। इस दौरान आम, नीम, गुलमोहर और पीपल जैसे विभिन्न प्रजातियों के लगभग 50 पौधों का रोपण कर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया।


**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति**

वृक्षारोपण के इस गरिमामयी कार्यक्रम में नप.अध्यक्ष संदीप दादू घाटोंडे एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजाराम वरठे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके साथ ही श्री अर्धनारीश्वर मंदिर कमेटी के अध्यक्ष, कमेटी के सभी सम्मानित सदस्यगण, परिषद के समस्त जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी-कर्मचारियों ने भी अपनी सहभागिता दर्ज कराते हुए सामूहिक रूप से श्रमदान व वृक्षारोपण किया।

**पर्यावरण संवर्धन का दिया संदेश**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने नागरिकों से अपील की कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उनका पालन-पोषण करना भी हम सभी की जिम्मेदारी है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इको क्लब के तत्वावधान में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस



**नवभारत न्यूज़**
**सौंसर 5 जून.** शासकीय महाविद्यालय सौंसर में पर्यावरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य इंद्रपाल राऊत ने की।

प्राचार्य श्री राऊत द्वारा वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा को समझाया गया। उन्होंने कहा कि इस पृथ्वी पर हम जीव-जंतु, पेड़-पौधे एक दूसरे पर आश्रित हैं। हमें प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए। हमें प्रकृति के साथ संतुलन बनाते हुए विकास करना चाहिए जिससे कि पर्यावरण सुरक्षित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी विजय मंडराह ने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में विचार प्रकट किए। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की वृक्षारोपण, सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं में भूमिका के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। महाविद्यालय के इको क्लब प्रभारी संजय डेहरिया ने वृक्षारोपण, जल संरक्षण, ऊर्जा संरक्षण तथा जैविक खेती पर अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण पर भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मोहनलाल परतेती, दीपक मडके, डॉ. वासुदेव भोयर, डॉ. सारिका बनसोड, डॉ. भावना पारखे, आशुतोष दरयापूरकर, रविंद्र यादव, श्रीमती वंदना बागड़े एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर नपा के जनप्रतिनिधि तथा अधिकारियों से लगाए पौधे



**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 5 जून,** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर के खारी वार्ड स्थित पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष, जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के पौधो का रौपण कर सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाते हुए उसकी सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया।शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर के खारी वार्ड स्थित पार्क में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोड़े, सभापति प्रदीप जुननकर, उमेश उरकुड़े, पार्षद प्रदीप कामदार, श्रीमती रामरती इवनाती, लोचन खवसे, मनोनित पार्षद प्रंशात दाढे, प्रशांत गायधने, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती, सहायक यंत्री सोनु सकवार, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे, इस दौरान इस पार्क में बड, पीपल, जामुन, नीम, आदि पौधों का रोपण करते हुए इन जनप्रतिनिधियों अधिकारियों द्वारा सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर कार्यालय परिसर में लगाए पौधे, अधिकारियों ने हरित भविष्य का लिया संकल्प



**नव भारत न्यूज, पांढुरना, 5 जून,** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम पांढुर्णा श्रीमती अलका एक्का एवं नायब तहसीलदार पांढुर्णा सुश्री अश्विनी गोहिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार ईवनाती आदि द्वारा कलेक्टर कार्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए पौधे रोपे तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से भी अधिक से अधिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित इस पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से प्रकृति संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण का संकल्प दोहराया गया।

## विद्यार्थियों की डिजिटल शैक्षणिक पहचान हेतु विशेष अभियान

**नवभारत न्यूज़सौंसर 5 जून.** सौंसर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में 06 जून को मेगा अपार दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों की क्क्र द्बष्ठ निर्माण एवं सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ संपादित किया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे एवं बीआरसी चैनसा यादव के मार्गदर्शन में विकासखंड के समस्त जनशिक्षा केंद्रों एवं विद्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। मेगा अपार दिवस के सफल संचालन हेतु विद्यालय स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

**30 दिन में शत-प्रतिशत लक्ष्य, सतत मॉनिटरिंग**

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आगामी 30 दिवस के भीतर शत-प्रतिशत APAAR ID निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु विकासखंड स्तर पर सतत मॉनिटरिंग एवं फॉलोअप की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक विद्यालय की दैनिक प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री भास्कर गावंडे ने समस्त संस्था प्रमुखों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से अभियान को मिशन मोड में संचालित करने का आह्वान करते हुए कहा है कि कोई भी विद्यार्थी APAAR ID निर्माण से वंचित न रहे। उन्होंने सभी पालकों एवं अभिभावकों से भी अपील की है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ विद्यालय पहुंचकर अपने बच्चों की APAAR ID निर्माण प्रक्रिया को पूर्ण कराने में सहयोग करें।

## रोटावेटर में फंसने से किसान की दर्दनाक मौत, खेत में जुताई करने के दौरान हुआ हादसा

**नवभारत न्यूज , सौसर 5 जून** - सौसर के ग्राम देवली में शुक्रवार शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ खेत की जुताई करने के दौरान रोटावेटर की चपेट में आने से मोहगांव निवासी 40 वर्षीय किसान गणेश, पिता देवराव कलम्बे की दर्दनाक मौत हो गई।

**काम के दौरान हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा शाम करीब 4 बजे के आसपास का बताया जा रहा है। ग्राम देवली के एक खेत में ट्रैक्टर से जुताई का कार्य चल रहा था, जिसे मुकेश कामडे नामक व्यक्ति चला रहा था। इसी दौरान अचानक किसान गणेश कलम्बे रोटावेटर की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

**पुलिस जांच में जुटी**

घटना की सूचना मिलते ही मोहगांव पुलिस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है। बहरहाल पुलिस दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों की बारीकी से जांच की जा रही है।

## सिविल अस्पताल परिसर में चिकित्साको ने लगाए पौधे



**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 5 जून,** विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्रकृति से प्रेरित। जलवायु के लिए। हमारे भविष्य के लिए आधारित है। इसी दिशा में सिविल अस्पताल पांढुर्णा परिसर में प्रभारी खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीत कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. निलेश धाड़से, डॉ. आदित्य कड़वे, डॉ. हेमराज बोकड़े, श्रीमती सरिता उके प्रभारी मेट्रन, सुरेश कुमार टेकाम (बीईई) एवं श्री रमेश चिकाने की उपस्थिति में पौधे रोपे गए। साथ ही सभी ने संकल्प लिया कि पौधों की देखभाल करना हम सबकी जिम्मेदारी होगी।कार्यक्रम के दौरान डॉ. विनीत कुमार श्रीवास्तव ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बदलते क्लाइमेट, समुद्री प्रदूषण, अधिक जनसंख्या, ग्लोबल वार्मिंग, टिकाऊ विकास एवं वन्य जीव अपराध जैसे पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।इसी कड़ी में विकासखंड पांढुर्णा के अंतर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नांदनवाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया।

## अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी का भोपाल तबादला, इनके स्थान पर मनकामना प्रसाद सभालेंगे पदभार



**नवभारतन्यूज, पांढुरना, 5जून,** गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को प्रदेश के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षकों के किए गए थोक बद तबादलों में पांढुरना के अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी को भोपाल के सहायक पुलिस महानिरीक्षक तो वहीं इनके स्थान पर मनकामना प्रसाद को पांढुरना जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थ करने के आदेश जारी किए गए। गौरतलब हो कि लगभग एक पखवाडा गृह मंत्रालय द्वारा प्रदेश के जिला पुलिस अधीक्षकों के किए गए थोक बद तबादलों के बाद से ही अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षकों के भी स्थानांतरण कराने के अटकले लगाई जा रहीं थी, शुक्रवार को गृह मंत्रालय द्वारा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षकों की जारी की गई तबादला सूची में पांढुरना के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को प्रदेश मुख्यालय भोपाल के सहायक पुलिस महानिरीक्षक मुख्यालय में तो वहीं इनके स्थान भोपाल पुलिस मुख्यालय के मनकामना प्रसाद को पांढुरना जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ करने के आदेश जारी किए गए।

## गाय को राष्ट्रमाता घोषित कराने मुस्लिम विकास परिषद ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज, पांढुरना, 5जून,** गाय को राष्ट्र माता घोषित करने के साथ ही सशक्त गोवंश संरक्षण कानून बनाने के मांग को लेकर मुस्लिम विकास परिषद द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को एक 6 सूत्रीय मांग पत्र का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौपा ।

गाय को राष्ट्र माता का दर्ज देंने के मांग को लेकर पूरे देश में चलाए जा रहें अभियान के तहत शुक्रवार को मुस्लिम विकास परिषद के पदाधिकारी तथा सदस्यों ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को एक छैसूत्रीय मांग पत्र सौंपा जिसमें भारत सरकार द्वारा गाय को राष्ट्र माता घोषित कर सशक्त गोवंश संरक्षण कानून बनाने, कमजोर एवं बूढ़ी गायों के क्रय, विक्रय पर पूर्णतत्प्रतिबंध लगाने तथा मृत्यु बाद गाय का अंतिम संस्कार सनातन धर्म अनुसार विधि विधान से कराने, गाय संरक्षण के नाम पर बनाए गए सभी गौ रक्षा दलों पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए जिससे इसकी आड में हो रहीं गौ वंश तस्करी को न केवल सख्ती से रोका जा सके बल्कि उनके विरूध्द कानूनी कार्यवाही भी कि जाए, इसी प्रकार गाय, बैल के निर्यात पर तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए तथा इसका उल्लंघन करने वाले निर्यातकों के लाइसेंस तत्काल रद्द करें।

मुस्लिम विकास परिषद द्वारा अपनी मांग में गौ शालाओं के लिए विशेष संरक्षण सहायता एवं पारदर्शी व्यवस्था करने एवं गौ आधारित उत्पादों एवं जैविक खेती को बढ़ावा देंते हुए केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जैविक खाद पंचगण उत्पादों को प्रोत्साहित कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा भारत सरकार द्वारा प्रचार, प्रसार के माध्यम से सभी धर्म एवं समुदायों के बीच आपसी सम्मान बनाए रखते हुए गौ संरक्षण के लिए जागरूक अभियान चलाए जाने की मांग की है।

इस आशय का ज्ञापन सौपते समय मुस्लिम विकास परिषद पांढुरना के पदाधिकारी तथा सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## तड़ीपार गिरफ्तार

**नागपुर, नगर प्रतिनिधि.** राणा प्रतापनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक तड़ीपार अपराधी को बिना अनुमति शहर सीमा में प्रवेश के आरोप में गिरफ्तार किया. आरोपी का नाम कामगारनगर निवासी राहुल धनराज हातीबेंड (30) बताया गया. जानकारी के अनुसार, देर रात करीब 12.15 बजे गश्त के दौरान त्रिमूर्तिनगर में पुलिस को देख एक युवक ने भागने का प्रयास किया. पुलिस टीम ने पीछा कर उसे धर दबोचा. पूछताछ में उसने नाम अपना नाम राहुल हातीबेंड बताया. प्राथमिक जांच में पता चला कि उसके खिलाफ पहले भी मामले दर्ज हैं और 28 नवंबर 2024 को उसे 2 वर्ष के लिए शहरी और जिला सीमा से 2 वर्ष के लिए तड़ीपार किया गया था. इसके बावजूद बिना पुलिस अनुमति के वह शहरी सीमा में आया. राहुल को अरेस्ट कर लिया गया. पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है.

## शासकीय महाविद्यालय में सीड बैंक व सीड बॉल अभियान का शुभारंभ




**नव भारत न्यूज**
**पांढुरना, 5जून,** नगर के शासकीय विज्ञान विद्यालय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. शहनाज खान के मार्गदर्शन में महाविद्यालय के ऊर्जा क्लब इको क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना व भौतिक शास्त्र विभाग के विद्यार्थी प्रकोष्ठ क्वांटम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर सीड बैंक व सीड बॉल अभियान का शुभारंभ किया गया साथ ही एक पेड़ मां के नामअभियान के तहत महाविद्यालय व आसपास के परिसर में वृक्षारोपण करने का संकल्प लिया गया ।

ऊर्जा क्लब प्रभारी डॉ. विवेक कुमार सोनवाने ने बताया कि सीड बैंक और सीड बॉलअभियान के तहत महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थियों से विभिन्न प्रजाति के पेड़-पौधों के बीज का संग्रह करने तथा बीजों के खाद्य युक्त सीड बॉल बनाकर इस अभियान में सहभागी होने के लिए कहा गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न पेड़-पौधों जैसे आम, जामुन, इमली, करंज आदि के बीजों का संग्रह कर बीज बैंक बनाया गया।इन बीजों का उपयोग महाविद्यालय परिसर में पौधों की नर्सरी बनाने व सीड बॉल बनाकर आस पास के परिसर में पौधारोपण करने के लिए किया जायेगा।